प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11.00बजे

कैबिनेट

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित की जा रही है। बैठक में रोपवे परियोजना परवाणु से तारादेवी को चर्चा के लिए रखने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते है। 18 मार्च से विधानसभा बजट सत्र का दूसरा चरण शुरू हो रहा है। बैठक में सत्र में आने वाले बिलों को कैबिनेट मंजूरी के लिए रखा जाएगा। इसके अलावा जो बिल राज्यपाल के पास लंबित पड़े हैं उन्हें दोबारा सदन में लाने पर विचार हो सकता है। इसके अलावा बैठक में विभागों में खाली पदों को भरने, और पंचायत चुनाव व नई पंचायतों के गठन का ब्यौरा भी रखा जाएगा।

महिला दिवस कार्यक्रम

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कल 8 मार्च को राज्य स्तरीय समारोह नाहन में आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इस समारोह में प्रदेश से करीब 10 हज़ार महिलाएं भाग लेंगी। सामाजिक न्याय व आधिकारिता विभाग और महिला व बाल विकास निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों, सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करना है।

बागवानी मिशन

केंद्र सरकार के एकीकृत बागवानी विकास मिशन के माध्यम से देश के बागवानों को वित्तीय एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है जिससे वे अपनी भूमि पर फल, सब्जियां, मसाले, मशरूम और फूलों की खेती को अपना रहे हैं। योजना का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री, नई तकनीकों, और कोल्ड चेन जैसे आधारभूत ढांचे के माध्यम से बागवानी क्षेत्र का समग्र विकास करना है। अधिक ब्योरे के साथ हमारे ऊना जिला संवाद्दाता राजेश शर्मा

ऊना जिले में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत 4 करोड़ सत्तावन लाख रुपये की धनराशि व्यय की जाएगी। यह धनराशि फल उत्पादन को बढ़ावा देने, पौध वितरण, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली लगाने और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के अलावा दवाइयां तथा उपकरण उपलब्ध करवाने पर व्यय की जाएगी। योजना के अंतर्गत सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के लिए अट्ठावन लाख रुपये, पॉलीहाउस एवं हाइब्रिड संरचनाओं हेतु 2 करोड़ सैंतीस लाख रुपये, बागवानी उपकरणों की खरीद के लिए 16 लाख रुपये की अनुदान राशि तथा रिफ्रिजरेटेड ट्रांसपोर्ट वाहन के लिए 15 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है, जिस से बागवानों की आय में वृद्धि हो सकेगी ।

खेल मंत्रालय

युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कल राष्ट्रव्यापी अस्मिता खेलो इंडिया महिला लीग का आयोजन किया जाएगा। युवा मामले व खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि इस अवसर पर देश भर के 250 स्थानों पर एथलेटिक्स पर केंद्रित आयोजन किए जाएंगे। इसका उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप गांवों और छोटे कस्बों की लड़कियों को खेल को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

क्रिकेट टी–20 विश्व कप

आई.सी.सी पुरुष टी–20 क्रिकेट विश्व कप के खिताबी मुकाबले में कल शाम भारत और न्यूजीलैंड आमने सामने होंगे। यह मैच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में शाम 7 बजे से खेला जाएगा। टी–20 मुकाबलों में भारत 18 जीत के साथ न्यूजीलैंड से आगे है, जबकि न्यूजीलैंड ने 11 मुकाबले जीते हैं। न्यूजीलैंड ने भारत के साथ टी–20 विश्व कप के अपने पिछले तीनों मुकाबलों में जीत हासिल की है।

मौसम

प्रदेश में आज भी मौसम आमतौर पर साफ है। राज्य में मार्च महीने में ही लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश का तापमान सामान्य से 6 से 8 डिग्री तक अधिक दर्ज किया जा रहा है । मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि दो दिन तक तीन जिलों मंडी, कुल्लू और सोलन में हीट वेव का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं कुल्लू, चंबा और कांगड़ा के कुछ इलाकों में आज हल्की बारिश की संभावना है। वहीं सर्दियों में इस बार बारिश कम होने और सूखे का दौर लंबा होने के चलते जंगलों में आग लगने के दृष्टिगत वन विभाग सतर्क हो गया है। डीएफओ धर्मशाला अमित शर्मा ने बताया कि वन मंडल धर्मशाला के तहत 61 हजार हेक्टेयर वन क्षेत्र में से 40 हजार हेक्टेयर में चीड़ के पेड़ हैं जिसमें आग तेजी से फैलती है। उन्होंने लोगों से अपील कि है कि वनों में आग लगने की सूचना तुरंत वन विभाग को दें और विभाग का सहयोग करें।